THE EXAM PAPERS.COM



# HINDI

**(*Three Hours*)**

*(Candidates are allowed additional 15 minutes for **only** reading the paper.*

*They must NOT start writing during this time.)*

---

*Answer questions 1, 2 and 3 in Section A and **four** other questions from Section **B** on at least **three** of the prescribed textbooks.*

*If you answer **two** questions on any **one** book, do not base them both on the **same** material.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## SECTION A

**Write a composition in approximately 400 words on any ONE of the topics given below :—** [20]

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **400** शब्दों में निबन्ध लिखिये :—

(a) एक ऐसी मनोरंजक घटना का वर्णन कीजिए जब आपको अपने परिवार सहित घर बदलना पड़ा।

(b) समय सर्वोत्तम निधि है।

(c) सफलता प्राप्त करने के लिये पर्याप्त अवसर की आवश्यकता होती है, न कि कठिन परिश्रम की—अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(d) उत्सवों में बढ़ती हुई व्यावसायिकता।

(e) निम्नलिखित में से किसी **एक** पर मौलिक संक्षिप्त कहानी लिखिये :—

(i) बरसाती हवायें

(ii) उपहार।

**Read the following passage and answer the questions in Hindi that follow :—**

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर आपके अपने शब्दों में होने चाहिये :—

कहना जितना सरल है, करना उतना ही कठिन है। इसलिए कर्त्तव्य–वीरों को कठिनाइयों को पार करने के लिए सदैव कटिबद्ध रहना पड़ता है। उनका जीवन उनके कर्त्तव्य में खो जाता है। उनका सुख, उनका आनन्द, सब कुछ कर्त्तव्य के अर्पण हो जाते हैं और कर्त्तव्य करके उन्हें एक अलौकिक आनन्द का

---

**This Paper consists of 4 printed pages.**



Copyright reserved.

THE EXAM PAPERS.COM

है, मानो इन्हें अपने तन की सुध ही नहीं। क्या मज़ाल इनके कर्त्तव्य में तनिक भी ढील हो जाए या थोड़ी सी देर में वे थककर बैठ जाएँ। कर्त्तव्य के कारण फूल खिलता, अपनी गन्ध छोड़ता और मुरझा जाता है। चाहे वह उपवन में हो या निर्ज़न वन में; चाहे उसे कोई देखे, या न देखे, वह अपने कर्त्तव्य में मग्न है।

कर्त्तव्य की कठोरता भी बड़ी विलक्षण है, साधारण दृष्टि में तो उसका प्रदर्शन अनौचित्य की सीमा तक पहुँच जाता है। अग्नि का धर्म है जलाना। इस कर्म में त्रुटि न करना ही उसका कर्त्तव्य है। फिर यदि गोद का बालक भी भूल से उसके पास पहुँचता है, उसे लेने के लिये हाथ बढ़ाता है तो अग्नि उसे तुरन्त जला देती है। प्रकृति के नियमों में इतनी अटलता न हो तो उसका व्यापार ही बन्द हो जाय। कर्त्तव्य जो न करा दे, सो थोड़ा है। राम के सामने निरपराध सती-शिरोमणि सर्गभा सीता खड़ी है, और वह हृदय पर वज्र रखकर लक्ष्मण को उसके परित्याग की आज्ञा देते हैं तथा लक्ष्मण उसका पालन करते हैं। महाराणा प्रताप के पुत्र और पुत्री वन में वृक्षों की छाल के आटे की रोटियाँ खा रहे हैं, उन्हें भी बिल्ली छीन ले जाती है। कुछ ही वर्ष पहले अटलांटिक महासागर के बरमूदा द्वीप समूह में एक भारी तूफान आया, जहाज़ डूबने लगा। रक्षा के लिए नावें आ गईं, परन्तु संख्या में कम थीं। जहाज़ का कप्तान और उसके सहायक 35 कर्मचारी तब तक अपने प्राण बचाना नहीं चाहते, जब तक कि एक भी यात्री शेष है। फलत: सब के सब अपना कर्त्तव्य करते हुए सागर के अनन्त गर्भ में सदा को सो जाते हैं। इस आत्मबलिदान का कारण है — केवल कर्त्तव्य की प्रेरणा।

**प्रश्न :**

**(i)** कहना जितना सरल, करना उतना ही कठिन क्यों लगता है ? कर्त्तव्य-वीरों का अर्थ लिखते हुए समझाइए कि उनके जीवन में कर्त्तव्य का क्या स्थान है ?

**(ii)** प्रकृति के उपकरण हमें किस प्रकार कर्त्तव्य की ओर प्रेरित करतें हैं ? प्राकृतिक उपकरणों के उदाहरण देकर बताइये।

**(iii)** महान-पुरुषों के उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए कि उन्होंने अपने कर्त्तव्य का किस प्रकार पालन किया ?

**(iv)** 'कर्त्तव्य की कठोरता बड़ी विलक्षण है' — प्रस्तुत पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा उपरोक्त गद्यांश के आधार पर आपको क्या शिक्षा मिलती है — समझाइए।

**3. (a) Correct the following sentences :—**

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :—

(i) सत्य का अनेक रूप होता है।

(ii) ताजमहल शाहजहाँ ने बनाया था।

(iii) पूजा के योग्य व्यक्ति को पूज्यनीय कहतें हैं।

(iv) आपको देखकर मेरा मन उद्यान-उद्यान हो गया।

(v) कृपया करके अपने-अपने स्थान पर बैठिए।

THE EXAM PAPERS.COM



b) **Use the following idioms in sentences of your own to illustrate their meaning :—** [5]

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ समझकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :—

(i) अपनी खिचड़ी अलग पकाना।

(ii) ईद का चाँद।

(iii) घी के दीये जलाना।

(iv) चेहरे की हवाइयाँ उड़ना।

(v) पत्थर का कलेजा।

## SECTION B

## काव्य-तरंग

-महिमा' कविता में कवि ने भारत देश के किन ऐतिहासिक संदर्भों की ओर संकेत किया है ? वे किन्हें प्रेरणा देना चाहते हैं ? [12½]

बन कर आ रहा सवेरा है' किस प्रकार की कविता है ? कविता का मूलभाव लिखिए तथा बताइए लक्ष्य-प्राप्ति के लिए व्यक्ति को क्या-क्या करना चाहिए ? [12½]

के प्रति' कविता में कवयित्री ने संसार को किस प्रकार स्वार्थी सिद्ध किया है ? महादेवी वर्मा ने इस के द्वारा क्या संदेश दिया है ? [12½]

## निर्मला

द्ध कीजिए कि 'निर्मला' एक यथार्थवादी उपन्यास है ? [12½]

र्मला की दशा उस पंखहीन पक्षी की तरह हो रही थी, जो सर्प को अपनी ओर आते देखकर उड़ना हता है, पर उड़ नहीं सकता, उछलता है और गिर पड़ता है, पंख फड़-फड़ाकर रह जाता है।' — प्रस्तुत का संदर्भ स्पष्ट कीजिए और बताइए कि आपकी दृष्टि में निर्मला की इस दयनीय दशा का क्या रण था ? [12½]

क्मिणी का चरित्र-चित्रण कीजिए और बताइए कि निर्मला के प्रति उसका वैर-भाव तथा द्वेष कब, क्यों माप्त हुआ ? [12½]

THE EXAM PAPERS.COM 

स लखक न इस अन्धविश्वास को, किस प्रकार तोड़ा है ?

11. 'पाजेब' कहानी में चोरी का सन्देह, किस आधार पर, किन-किन पर किया गया था ? अन्त में पाजेब कहाँ मिली ? इस कहानी से आपने क्या शिक्षा प्राप्त की ?

12. 'जिम्मेदारियों का बोझ व्यक्ति के जीवन को परिवर्तित कर देता है।' 'मधुआ' कहानी के आधार पर प्रस्तुत पंक्ति की समीक्षा कीजिए।

## ज्वालामुखी के फूल

13. शकटार कौन थे ? उनके चरित्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए और बताइए कि नन्द वंश के विनाश में उनकी क्या भूमिका थी ?

14. 'ज्वालामुखी के फूल' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करते हुए बताइए कि आपको इस उपन्यास से क्या शिक्षा मिली ?

15. 'आजतक राक्षस मित्रों के लिए पीड़ा और विनाश का ही कारण तो बना रहा है, चन्दन ! मैंने किसी को सुख कब दिया ?' — प्रस्तुत पंक्ति का संदर्भ स्पष्ट कीजिए और बताइए कि वक्ता की इस प्रकार की मनोदशा क्यों है ?